भूमिका।

परम सौभाग्य से अवन्तिका में १०८ मुनिराज ज्ञानसागरजी महाराज का चार्तुमास हुवा। इस अवसर में अनेक श्रावकों ने दान पूजा, सामायिक, स्वाध्याय, व्रतादि शुभक्रियाओं द्वारा पुण्यार्जन किया। संसार के स्वरूप का वास्तविक दिग्दर्शन श्रावकों को सरलता से हो इसी पुनीत उद्देश्य से मुनिराज ने द्वादश भावना, समाधिमरण व ध्यानविचार नामक संग्रह ग्रंथों का निर्माण किया। तीनों ही ग्रंथ अपने अपने विषय के नाते संक्षप विस्तार नीतियुक्त उत्तम व प्रामाणिक हैं प्रतिक्षण संसारिक विषय वासना-ग्रसित मानव हृदय के लिय उक्त ग्रन्थ सत्य मार्ग प्रदर्शक व आत्म कल्याण साधक हैं। प्रत्यक प्राणी को इनकी स्वाध्याय करना चाहिये। संस्कृत श्लोकों को साधारण मानव नहीं समझ सकेगा तथा इस प्रकार ग्रन्थ निर्माण का उद्देश्य सार्थक न हो सकेगा अतएव पूज्य मुनि महाराज ने मेरे को भाषा टीका करने की आज्ञा प्रदान की। यथामति शीघ्रता में जो कुछ भी मेरे द्वारा जो भाषा टीका कीगई है उसमें जो भी त्रुटि रहगई हो विज्ञ पाठक क्षमादान पूर्वक संशोधन करने का कष्ट करेंगे ऐसी पूर्ण आशा है। तीनों ग्रन्थों में से ध्यान विचार ग्रन्थ पाठकों के हाथ में हैं, तथा समाधिमरण व द्वादशभावना शीघ्रही प्रकाशित

होरहे हैं। इसके प्रकाशन कार्य में श्री नन्दलालजी साहब काशलीवाल बी. ए. एल. एल. बी. ने काफी परिश्रम किया है वे धन्यवाद के पात्र हैं। इसी प्रकार जिन महानुभावों ने इसके प्रकाशन में आर्थिक सहयोग दिया है वे सबही धन्यवाद के पात्र हैं। उनके नाम नीचे लिखे मुताबिक हैं:—

उज्जैन,
ता. ८-१-४६.

निवेदक—
अनन्तराज वैद्य
न्यायतीर्थ आयुर्वेदाचार्य.

१. श्री. नगजीरामजी धन्नालालजी	५१)	२. श्री. रखबदासजी सेठी	५१)
३. ,, भंवरलालजी सोधा	३६)	४. ,, घासीलालजी बागडिया	३५)
५. ,, अनंतराजजी वैद्य	३१)	६. सेठ लक्ष्मीचन्दजी पाटनी	२५)
७. सेठ मोतीलालजी टोंग्या	२५)	८. ,, मुकालालजी चौधरी	२१)
९. ,, सुगनचन्दजी पिड़ावाला	१५)	१०. सेठ सोभागमलजी	११)
११. बाबू चान्दमलजी साह	११)	१२. बाबू धूलीलालजी पाटनवाला	१०)
१३. ,, चांदमलजी पांड्या	५)	१४. सेठ सागरमलजी गंगवाल	५)
१५. सेठ सुगनचन्दजी गंगवाल	५)	१६. ,, घीसीलालजी गंगवाल	५)
१७. शांतीलालजी पांड्या	५)	१८. ,, फूलचन्दजी काशलीवाल	५)
१९. बाबू रामभरोसेदासजी	५)	२०. सेठ शंकरलालजी सेठी	५)
२१. मुनीम तेजकरणजी बागड्या	५)	२२. खेरची	५)
	१९६)		१०९)

। अथ ध्यान विचार ।

भव क्लेश विनाशाय पिव ज्ञान सुधारसम् ।
कुरु जन्माब्धिमत्येतुं ध्यानपोतावलम्बनम् ॥१॥

अर्थ- संसार के दुःख जन्म जरा मृत्यु इनके विनाश के लिये ज्ञानामृत का पान करना चाहिये तथा संसाररूपी सागर से तिरने के लिये ध्यानरूपी जहाज का आश्रय ग्रहण करना चाहिये। जैसे सागर से पार उतरने के लिये जहाज की जरूरत है उसी प्रकार संसार से पार उतरने के लिये ध्यान की जरूरत है।

मोहं त्यज भज स्वास्थ्यं मुञ्चसङ्गान् स्थिरीभव।
यतस्ते ध्यान सामग्री सविकल्पा निगद्यते ॥२॥

अर्थ- ध्यान की सिद्धि के लिये मोह का संसार व परिवार के माया मोह का त्याग करना चाहिये तथा अपने आत्मस्वभाव का विचार करना चाहिये

परिग्रह को छोड़कर स्थिरचित्त होना चाहिये। ये सब सविकल्प ध्यान के साधन हैं।

उत्तितीर्षुर्महापङ्काज्जन्मसंज्ञाद्दुरुत्तरात्।
यदि किंन तदाधत्से धैर्यध्याने निरन्तरम् ॥३॥

अर्थ- यदि दुर्गम संसार कीचड़ से पार उतरना चाहते हो तो फिर क्यों नहीं लगातार ध्यान में धीरता को प्राप्त करते। अर्थात् सदैव धैर्यपूर्वक ध्यान के महात्म्य से संसाररूपी कीचड़ को मनुष्य पार कर लेता है।

चित्तेतवविवेक श्रीर्यद्यशङ्कास्थिरी भवेत्।
कीर्त्यतेते तदा ध्यान लक्षणंस्वांत शुद्धिदम् ॥४॥

अर्थ- यदि तेरे हृदय में निश्शङ्क विवेकरूपी लक्ष्मी अर्थात् निश्शंसय ज्ञान स्थिर है तो वही हृदय शुद्धि प्रदान करनेवाला ध्यान कहा जाता है। तथा शुद्ध सत्य निश्चल ज्ञान भी ध्यान का ही रूपान्तर है। कारण कि उससे भी चित्त शुद्ध होता है।

इयं मोह महानिद्रा जगत्त्रय विसर्पिणी।
यदिक्षीणातदाक्षिप्रंपिवध्यान सुधारसम् ॥५॥

अर्थ- यह महामोहमयी निद्रा तीनों लोक में फैली हुई है वह जिस समय कमजोर हो जावे उसी समय ध्यानामृत के रस का पान करना चाहिये। जिससे मोह का नाश हो जावे।

बाह्यान्तर्भूतानिश्शेषसङ्गमूर्च्छाक्षयंगता।
यदि तत्वोपदेशेनध्याने चे तस्तदार्पय ॥६॥

अर्थ- तत्वज्ञान के श्रवण से वहिरंग व अन्त रंग सम्पूर्ण परिग्रह ममत्व भाव क्षय हो जाते हैं तो मनुष्य को ध्यान में चित्त देना चाहिये। मूर्च्छा ममत्व माया मोह के दूर होने पर ही ध्यान में चित्त लग सकता है।

प्रमाद विषय ग्राहदन्त यन्त्राद्यादिच्युतः।
त्वंतदाक्लेशसंघात घातकं ध्यान माश्रय ॥७॥

अर्थ- प्रमाद व विषय रूपी मगर के दंतों से यदि छूट गये हो तो सम्पूर्ण क्लेश समूह को नाश करने वाले ध्यान का आश्रय लेवो। प्रमाद व इंद्रिय विषय ध्यान को नष्ट करने वाले है इनसे छूटने पर ही मनुष्य ध्यान कर सकता है।

इमेऽनन्त भ्रमसारप्रसैरक परायणाः ।
यदि रागादयः क्षीणास्तदध्यातुंविचेष्ट्यताम् ॥८॥

अर्थ- ये अनन्त संसार के असार चक्र में घुमाने में प्रवीण रागादिदोष यदि क्षीण हो जाते हैं तो अवश्य ध्यान की चेष्टा करना चाहिये । रागादि संसार के कारण है तथा ध्यान में बाधक है इनके कम होने पर ध्यान सिद्धि हो सकती है ।

यदि संवेग निर्वेद विवेकैर्वासितेमनः ।
तदाधीर स्थिरीभूय स्वस्मिन् स्वान्तं निरुपय ॥९॥

अर्थ- संवेग संसार के दुःख से भय तथा इसी कारण से निर्वेद अर्थात् वैराग्य तथा इसी प्रकार का शुद्धज्ञान इनमें चित्त लगा हुवा है तो धैर्य पूर्वक स्थिरता के साथ अपने आत्मा के स्वरूप में चित्त को लगाना चाहिये । अर्थात् ध्यान करना चाहिये । संवेग निर्वेद व विवेक से पूर्ण मन ध्यान का साधक है ।

विरज्यकामभोगेषु विमुच्यवपुषिस्पृहाम् ।
निर्ममत्वं यदि प्राप्तस्तदाध्याताऽसिनान्यथा ॥१०॥

अर्थ- विषयाभिलाषा व इन्द्रिय सुखों से विरक्त होकर शरीर के ममत्व को छोड़कर निर्ममत्व को प्राप्त करने पर ही प्राणी ध्यानी हो सकता है अयन्था नहीं।

विस्तरेणैव तुष्यंतिकेऽप्यहो विस्तरप्रियाः।
संक्षेपरुचयश्चान्ये विचित्राश्चित्तवृत्तयः ॥११॥

अर्थ- कितने ही प्राणी विस्तार ही है प्रिय जिनके विस्तार से संतुष्ट होते हैं तथा कितने ही संक्षेप रुचिवाले संक्षेप को पसन्द करते है मनुष्यों के विभिन्न चित्त वृत्तियां ही इसका कारण है।

संक्षेप रुचि भिः सूत्रात्तात्रिरुप्यात्म निश्चयात्।
त्रिधैवाभिमतं कैश्चिद्यतोजीवाशयस्त्रिधा ॥१२॥

अर्थ- संक्षेप रुचि प्राणियों के लिये शास्त्र के आधार से ध्यान का लक्षण कह रहे हैं कि जीवों के आशय तीन तरह के हैं शुभोपयोग अशुभोपयोग व शुद्धोपयोग इस तरह तीन तरह के उपयोग के कारण तीन तरह का ही ध्यान है।

तत्र पुण्याशयः पूर्वस्तद्विपक्षोऽशुभाशयः ।
शुद्धोपयोगसंज्ञोयः स तृतीयः प्रकीर्तितः ॥१३॥

अर्थ- शुभोपयोग वाले पुण्याशय इनसे विपरीत पापाशय वाले अशुभाशय तथा तीसरे शुद्धोपयोग वाले इस प्रकार तीन प्रकार के प्राणी है ।

पुण्याशयवशाज्जातं शुद्धलेश्यावलम्बनात् ।
चिन्तनाद्वस्तुतत्वस्य प्रशस्तंध्यानमुच्यते ॥१४॥

अर्थ- पुण्य कर्म के संयोग से उत्तम विचारों से उत्पन्न पीत पद्म शुक्ल लेश्या के आधार से वस्तु-तत्व का चिन्तवन करना प्रशस्त ध्यान है शुभोप-योग है ।

पापाशयवशान्मोहान्मिथ्यात्वाद्वस्तु विभ्रमात् ।
कषायाज्जायतेऽजस्रमसद्ध्यानं शरीरिणाम्॥ १५॥

अर्थ- पाप के आशय वश से मोह से मिथ्यात्व से वस्तु के स्वभाव को विपरीत समझने लगता है तथा इसी कारण से रागद्वेष क्रोधमानादिकषाय होते हैं इन सब कारणों से मनुष्य सदा बुरा विचार किया

करते हैं यही अशुभोपयोग है ॥ १५ ॥

क्षीणेरागादिसन्ताने प्रसन्नेचान्तरात्मनि ।
यःस्वरूपोपलम्भः स्यात्सशुद्धाख्यःप्रकीर्तितः॥१६॥

अर्थ- रागादिपरंपरा के क्षीण होने से अन्तरात्मा प्रसन्न होता है चित्त में निर्मल भाव पैदा होते है इस प्रकार रागरहित प्रसन्न मन से अपने आत्मस्वरूप की प्राप्ति शुद्धोपयोग है ॥ १६ ॥

शुभ ध्यान फलोद्भूता श्रियं त्रिदश संभवाम् ।
निर्विशन्तितनराःनाकेक्रमाद्यान्ति परं पदम् ॥१७॥

अर्थ- शुभध्यान के फलस्वरूप मनुष्य स्वर्ग में देवपद प्राप्त कर वहां की लक्ष्मी का उपभोगकर क्रम से उत्कृष्ट मोक्ष पदको प्राप्त करते हैं ॥ १७ ॥

दुर्ध्यानं दुर्गतेर्बीजं जायते कर्मदेहिनाम् ।
क्षीयतेयन्न कष्टेन महताऽपि कथंचन ॥१८॥

अर्थ- पापध्यान दुर्ध्यान है प्राणियों के दुर्गति नरकनिगोद तिर्यंचादि का कारण कर्म बन्ध करता है और यह दुष्टकर्म महान् कष्ट व प्रयत्न से भी कैसे ही नष्ट नहीं होते ॥

निश्शेषक्लेश निर्मुक्तं स्वभावजमनश्वरम् ।
फलं शुद्धोपयोगस्य ज्ञान राज्यं शरीरिणाम् ॥१९॥

अर्थ- सम्पूर्ण दुःख जहां छूटे गये हैं तथा स्वभाव से उत्पन्न आत्मसुख रूप अविनाशी ऐसा केवल ज्ञानपद अनन्त ज्ञान व अनन्त सुख रूप मोक्ष पद शुद्धोपयोग वाले प्राणियों को प्राप्त होता है ॥ १९ ॥

इति संक्षेपतो ध्यान लक्षणंसमुदाहृतम् ।
बन्ध मोक्षफलोपेतं संक्षेपरूचिरंजकम् ॥२०॥

अर्थ- इस प्रकार संक्षेप रूचिवाले प्राणियों के चित्त को प्रसन्न करने वाला यह बन्ध व मोक्ष के फल सहित ध्यान का लक्षण संक्षेप में कहा गया है, शुभोपयोग पुण्य बंध का कारण तथा अशुभोपयोग पाप बंध का कारण तथा शुद्धोपयोग मोक्ष का कारण है इस प्रकार संक्षेप में ध्यान लक्षण कहा है।

यस्यप्रज्ञास्फुरत्युच्चैरनेकान्तेऽयुतभ्रमा ।
ध्यानसिद्धि र्विनिश्चेयातस्यसाध्वीमहात्मनः ॥२१॥

अर्थ- जिस महापुरुष की भ्रम रहित अनेकान्त

के समझने में विशद बुद्धि उत्पन्न होती है उसी महात्मा पुरुष के उत्तम ध्यान की सिद्धि होती है।

ध्यानतन्त्रे निषिध्यन्ते नैते मिथ्यादृशःपरं ।
मुनयोऽपि जिनेशाज्ञा प्रत्यनीकाश्चलाशयाः ॥२२॥

अर्थ- जो मिथ्या दृष्टि हैं तत्वार्थ में जिनको श्रद्धान नहीं हैं वे तथा वे मुनि जो जिनेन्द्र भगवान की आज्ञा के विरुद्ध चलते हैं तथा चलायमान चित्त वाले ये सब ध्यान शास्त्र में निषेध किये जाते हैं ये सब ध्यान करने योग्य नहीं।

योग्यतानयतित्वेऽपियेषांध्यातुमिहक्षणम् ।
अन्विष्यलिङ्गमेतेषां सूत्रसिद्धंनिगद्यते ॥२३॥

अर्थ- जो यति होगये है साधु होगये है किन्तु जो एक क्षण भी ध्यान करने की योग्यता वाले नहीं हैं उन सब के शास्त्र प्रसिद्ध लक्षण नीचे कहे जाते हैं।

यत्कर्मणिन तद्वाचिवाचियत्तन्नचेतसि ।
यतेर्यस्यस किंध्यान पदवीमधिरोहति ॥२४॥

अर्थ- जिस साधु की शारीरिक क्रिया कुछ हो, व वचन से कुछ और कहता हो तथा वचन से जो कहता हो वैसा मन से नहीं विचारता हो अर्थात मन में कुछ और हो ऐसा साधु ध्यान के अयोग्य है। जैसा कार्य हो वैसा ही वचन हो व मन में भी वैसा ही विचार हो ऐसा सरल योग वाला ही ध्यान के योग्य है। वक्रयोग वाला ध्यान के अयोग्य है।

सङ्गेनापि महत्वंये मन्यन्तेस्वस्यलाघवं।
परेषां संग वैकल्यात्तेस्वबुध्द्यैववञ्चिताः ॥२५॥

परिग्रह से जो अपनी महत्ता व लघुता समझते हैं तथा सदा दूसरों के परिग्रह को देखकर विकलता करते हों ऐसे साधु अपनी बुद्धि के द्वारा ही ठगे जाते हैं। अपरिग्रह ही ध्यान का कारण है। परिग्रह व ममत्वा ध्यान नाश के कारण है।

सत्संयमधुरांधृत्वा तुच्छशीलैर्मदोद्धतैः।
त्यक्तायैः साच्युतःस्थैर्यैर्ध्यातुमीशंकतन्मनः॥२६॥

अर्थ- जो साधु संयम को धारण करके भी

अपने मिथ्याभिमान से उद्धत तथा स्थिरता रहित चलायमान है चित्त जिनका शील की तुच्छता करके सहित जो संयम की धुरा को छोड़ देते हैं उनका मन ध्यान के योग्य नहीं। संयम से ही ध्यान की सिद्धि होती है। संयम की कमी से ध्यान की सिद्धि नहीं होती !

कीर्तिपूजाभिमानार्तैर्लोक यात्रानुरंजितैः ।
बोधचक्षुर्विलुप्तैर्यैस्तेषां ध्याने नयोग्यता ॥२७॥

अर्थ- जो संसार में अपनी प्रतिष्ठा पूजा व अभिमान में मग्न रहते हैं मनुष्यों के चित्त को रंजायमान करना ही जिनका लक्ष्य हो तथा जिनके वास्तविक ज्ञान रूपी नेत्र नष्ट होगये हैं वे ध्यान के योग्य नहीं। अपनी मान प्रतिष्ठा चाहने वालों से ध्यान नहीं हो सक्ता।

अंतःकरणशुद्धयर्थं मिथ्यात्वविषमुद्धृतम् ।
निष्ठ्यूतैर्यैर्न निःशेषं न तैस्तत्वंप्रमीयते ॥२८॥

अर्थ- मन की शुद्धि के लिये जिन्होंने उग्र

मिथ्यात्व का जहर सम्पूर्ण रूप से अपनी आत्मा से नहीं निकाल दिया है वे ठीक तरह से तत्वज्ञान नहीं कर सकते। मिथ्यात्व को सम्यक् प्रकार से दूर करने पर ही सम्यग्ज्ञान होता है।

दुःषमत्वादिकः कालः कार्यसिद्धेर्नसाधकम्।
इत्युक्त्वास्वस्य चान्येषांकैश्चिद्ध्यानंनिषिध्यते।२९

अर्थ- यह दुःखमा नामक पंचमकाल है इसमें मोक्ष नहीं होता संहनन की दुर्बलता से इसमें उत्तम ध्यान होता ही नहीं ऐसा कोई कोई कहा करते है वे गलत कहते है। वास्तव में आत्म-शुद्धि करने से अवश्य ध्यान की सिद्धि होती है।

मार्जारिरसितप्रायं येषांवृत्तं त्रपाकरम्।
तेषांस्वप्नेऽपिसद्ध्यानसिद्धि र्नैवोपजायते ॥३०॥

अर्थ- जो बिल्ली के स्वभाव के समान लज्जा जनक चरित वाले हैं जैसे बिल्ली किसी मतलब से हिंसा के निमित्त एक लक्ष्य होकर एकाग्र चिंता निरोध ध्यान करती है उसी प्रकार केवल संसार को दिखाने के लिये अंतरंग में हिंसादि सहित बाह्य

रूप से ध्यान साधना करते हैं उनके स्वप्न में भी उत्तम ध्यान की सिद्धि नहीं हो सक्ती।

अनिरुद्धाक्षसन्ताना अजितोग्रपरीषहाः।
अत्यक्त चित्तचापल्या प्रस्खलन्त्यात्मनिश्चये ॥३१॥

अर्थ- जिन्होंने अपने पांचों इन्द्रियों को वश में नहीं की है जो उग्र भयंकर २२ परीषह को सहन करने की शक्ति नहीं रखते हों जिन्होंने चित्त की चंचलता पर अपना नियंत्रण नहीं किया हो वे आत्म-श्रद्धान में आत्म.ध्यान में अवश्य गिर जाते हैं। आत्म-ध्यान नहीं कर सकते।

यतित्वं जीवनोपायं कुर्वन्तः किं न लज्जिताः।
मातुः पण्यमिवालम्ब्य यथा केचिद्गतघृणाः ॥३२॥

अर्थ- अपने जीवन को निर्वाह करने के लिये जिन्होंने यति का भेष धारण किया है वे क्या लज्जित नहीं होते ? अवश्य लज्जित होना चाहिये। जैसे कोई पुरुष अपनी माता से वेश्या का व्यापार करावे व घृणा रहित हो वह पुरुष निंदनीय है उसी प्रकार जीवन काटने के लिये यति का बाना

धारण करना निन्दनीय है ।

निस्त्रपाःकर्म कुर्वन्तियतित्वेऽप्यतिनिन्दितम् ।
ततोविराध्य सन्मार्गं विशन्ति नरकोदरे ॥३३॥

अर्थ- निर्लज्ज पुरुष मुनि अवस्था में भी अतिनिंदनीय कार्य करते हैं वे सन्मार्ग का नाश करते हैं व इसके परिणाम स्वरूप मर करके नरक में जाते हैं ।

वश्याकर्षण विद्वेषं मारणोच्चाटनं तथा ।
जलानलविषस्तम्भोरसकर्म रसायनम् ॥३४॥
पुरक्षोभेन्द्रजालं च वलस्तम्भो जयाजयौ ।
विद्याच्छेदस्तथा वेधंज्योतिर्ज्ञानं चिकित्सितं ॥३५॥
यक्षिणी मंत्रपातालसिद्धयः कालवञ्चना ।
पादुकाञ्जन निस्त्रिंशभूतभोगीन्द्रसाधनं ॥३६॥
इत्यादिविक्रिया कर्मरञ्जितैर्दुष्टचेष्टितैः ।
आत्मानमपिन ज्ञातुंनष्टंलोकद्वयच्युतैः ॥३७॥

अर्थ- जो साधु वशीकरण मंत्र आकर्षण मंत्र विद्वेष विद्या मारण व उच्चाटन मंत्र की सिद्धि करते

है जल को अग्नि को व विष की शक्ति को रोकने की विद्या, रस अर्थात् पारदादि के कार्य, व रसायन चांदी सुवर्ण बनाना, नगर को क्षोभित करने वाले कार्य, इन्द्रजाल विद्या, बल का स्तम्भित कर देना, दूसरों की जय पराजय करने की विद्या, दूसरों की विद्या शक्ति का नष्ट करना, बाण आदि से वेध करना, ज्योतिषज्ञान, वैद्यकज्ञान, यक्षिणी मंत्र पाताल आदि, काल अर्थात् मृत्यु को दूर करने वाली विद्याओं की सिद्धि करना जो वास्तव में मृत्यु को नहीं मिटा सकती, चरणपादुका की सिद्धि जो पानी में आग में चल सके, अंजन की सिद्धि, भूत-काल, व दबी छिपी वस्तुओं को देख सके, तलवार, भूतप्रेत, धरणेन्द्र, सर्पराज आदि का साधन ऐसे मंत्रादि साधन रूप निन्दित कार्य में जिनका सदैव मन लगा रहता है नित्य दूषित कार्य में जिनका चित्त लगा रहता है वे साधु आत्मा का ज्ञान भी नहीं कर सकते व उनका इहलोक व परलोक दोनों नष्ट होते हैं।

इस प्रकार ध्यान के अयोग्य प्राणी के वर्णन के पश्चात् ध्यान के योग्य कौन हैं बतलाते हैं—

अथनिर्णीततत्त्वार्थाधन्याः संविग्नमानसाः ।
कीर्त्यन्तेयामिनो जन्मसंभृतसुखनिस्पृहाः ॥३८॥

जिन्होंने तत्वार्थ का सत्य निर्णय कर लिया है भवभ्रमण से जिनका मन भयभीत है इहलोक परलोक के सांसारिक सुखों से जिनकी वाञ्छा नहीं है ऐसे साधु धन्य हैं ध्यान के योग्य हैं ।

भवभ्रमणनिर्विण्णाः भावशुद्धिं समाश्रिताः ।
संति केचिच्चभूपृष्ठे योगिनः पुण्यचेष्टिताः ॥३९॥

अर्थ- संसार के चक्कर से जिनको वैराग्य होगया हैं अतः शुद्ध अंतरंग का आश्रय प्राप्त करते हैं, पुण्य कार्य मे जिनकी सदा चेष्टा बनी रहती है ऐसे साधु संसार में कुछ ही हैं ।

विरज्य कामभोगेषु विमुच्यवपुषिस्पृहाम् ।
यस्यचित्तंस्थिरीभूतं स-हि-ध्याताप्रशस्यते ॥४०॥

अर्थ- जिनका चित्त विषय वासनाओं से विरक्त

होगया है शरीर में जिनका ममत्व नहीं रहा है जिनका चित्त चलायमान नहीं है ऐसे साधु प्रशंसनीय ध्यानी होते हैं।

विन्ध्याद्रिर्नगरं गुहावसतिका शय्याशिलापार्वती।
दीपाश्चन्द्रकराः मृगाः सहचराः मैत्रीकुलीनाङ्गना
विज्ञानं सलिलंतपः सदशनंयेषां प्रशान्तात्मनां।
धन्यास्ते भवपङ्कनिर्गमपथप्रोद्देशकाः सन्तुनः॥४१॥

अर्थ- जिन महान शांतिमय आत्माओं के विन्ध्याचल पर्वत ही नगर है उस पर्वत की गुफा ही उनके रहने का मकान है पर्वत की शिला परही जो शयन करते हैं, चन्द्रमा की श्वेत किरणें ही जिनके दीपक का कार्य करती है, जंगल के हिरण जिनके मित्र है उनके शांत परिणामों से हिरण भी उनसे भयभीत नहीं होते, पृथ्वी का आंगन ही जिनको प्यारा है, सदैव ज्ञानरूपी जल से ही अपनी प्यास बुझाते हैं तथा तपोरूपी जिनका उत्तम आहार है आचार्य कहते हैं कि ऐसे साधु पुरुष हमारे लिये

संसार-रूपी कीचड़ से निकालने में सहायक होवें वे धन्य हैं ऐसे साधु ही ध्यानी होते हैं तथा स्वयं संसार से तिरते हैं व औरों को तारते हैं।

ज्ञानादेवेष्टसिद्धिस्स्यात्ततोऽन्यः शास्त्रविस्तरः।
मुक्तेरुक्तमतो बीजंविज्ञानं ज्ञानवादिभिः ॥४२॥

अर्थ- ज्ञानसे ही ध्यान व मोक्ष इष्ट की सिद्धि होती है इससे अन्य कल्पना शास्त्रों का विस्तार मात्र है अतः ज्ञानवादी मोक्ष का कारण ज्ञान को ही मानते हैं। यह भी एक मत है।

कैश्चिच्च कीर्तिता मुक्तिर्दर्शनादेव केवलम्।
वादिनामपि सर्वेषा मपाकृत्य नयान्तरम् ॥४३॥

अर्थ- कितने ही वादी केवल दर्शन ही मोक्ष का कारण है यह मानते हैं। विश्वास करो इससेही मोक्ष मिलेगा। वे वादी ज्ञान व चारित्र से मुक्ति होती है ऐसे सभी वादियों के मत का निषेध करते हैं तथा केवल विश्वास करने मात्र से मुक्ति होती है यह मानते हैं।

अथान्यैर्वृत्तमेवैकं मुक्त्यङ्गं परिकीर्तितम् ।
अपास्य दर्शनज्ञाने तत्कार्यं विफलश्रमे ॥४४॥

अर्थ- तथा अन्य सिद्धान्त वाले केवल चारित्र को ही मुक्ति का कारण मानते हैं चारित्र के बाद ज्ञान व दर्शन का परिश्रम व्यर्थ है ।

विज्ञानादि त्रिवर्गेऽस्मिन्द्वेद्वेइष्टे तथापरैः ।
स्वसिद्धान्तावलेपेन जन्मसन्तति सातने ॥४५॥

अर्थ- कितने ही मतवाले दर्शन ज्ञान व चरित्र में से दो को मुक्ति कारण मानते हैं कोई ज्ञान-दर्शन को कोई दर्शन चारित्र को तथा कितने ही ज्ञान चारित्र को संसार भ्रमण का नाश करने वाला मानते हैं ।

एकैकं चात्रिभिर्नष्टं द्वेद्वेनष्टे तथापरैः ।
त्रयंन रुच्यतेऽन्यस्यसतेदुर्दृशः स्मृताः ॥४६॥

अर्थ- एक मत वाले कहते हैं कि यह तो झगड़ा है जो केवल एक को ही मोक्ष कारण मानते हैं उनका मत तो जो तीनों को एक साथ मोक्ष का

कारण मानते हैं उनके सिद्धान्त से उनका सिद्धान्त नष्ट होजाता है तथा जो दो को कारण मानते हैं उनका सिद्धान्त उनके विरोधी दूसरे प्रकार से खण्डित हो जाता है। और तीनों ही कारण है यह उनको पसन्द नहीं आता उनका तो कहना है कि मोक्ष का कोई औरही कारण है यह सात मत है ये सम्पूर्ण सातों मत ही मिथ्या है। वास्तव में सम्यग्दर्शन ज्ञान व चारित्र की पूर्णता ही मोक्ष का कारण है। सम्यग्दर्शन ज्ञान व चारित्र पृथक् पृथक् मोक्ष का मार्ग नहीं है तीनों मिलकर ही मोक्ष मार्ग है यह बतला रहे हैं।

ज्ञानहीने क्रिया पुंसिपरं नारभते फलम्।
तरोश्छाये व किंलभ्या फलश्रीर्निष्टदाष्टिभिः॥४७॥

अर्थ- ज्ञान करके रहित चारित्र से उत्कृष्ट फल नहीं मिलता है। जैसे अंधे पुरुष को वृक्ष के नीचे की छाया ही मिल सक्ती है उसके फल प्राप्त नहीं हो सक्ते।

ज्ञानंपङ्गौ क्रियाचान्धेनिःश्रद्धे नार्थकृद्द्वयम् ।
ततोज्ञानं क्रिया श्रद्धात्रयं तत्पद कारणम् ॥४८॥

अर्थ- ज्ञान पङ्गु में होता है किन्तु पांवों के न होने से क्रिया नहीं होती अतः वह कुछ नहीं कर सकता। अन्ध पुरुष में क्रिया होती है किन्तु ज्ञान न होने के कारण वह क्रिया व्यर्थ है। जिसमें ज्ञान व चारित्र हो किन्तु श्रद्धान नहीं है उसके ज्ञान व चारित्र कार्यकारी नहीं होसक्ते। अतः ज्ञान चारित्र व श्रद्धान तीनों ही मोक्ष के कारण है। इसी का उदाहरण बतलाते हैं=

हतं ज्ञानं क्रियाहीनं हता चाज्ञानिनः क्रिया ।
धावन्नप्यन्धकोनष्टः पश्यन्नपिपङ्गुकः ॥४९॥

अर्थ- एक जंगल में आग लग गई वहां पर एक अंधा पुरुष है वह रास्ते को न देख सकने के कारण भागने की क्रिया करता हुवा भी ज्ञान बिना अग्नि में नष्ट हो जाता है। यदि पङ्गु पुरुष उसी वन में है तो वह ज्ञानवान है देख रहा है कि इस दशा में अग्नि है किन्तु पांवों के नष्ट होने से चलने की

क्रिया नहीं कर सक्ता अतः ज्ञानी क्रियाहीन नष्ट होता है और क्रियावान् ज्ञान-रहित होने से नष्ट हो जाता है। यदि दोनों अंधे व पङ्गु मिलजाय व अंधे की पीठ पर पङ्गु बैठ जावे और अंधा चले व पङ्गु रास्ता बतलाता रहे तो वे दोनों ज्ञान व चारित्र के संयोग होजाने से बच निकलेंगे। अतः सम्यग्दर्शन ज्ञान व चारित्र का योगही मोक्ष मार्ग है।

ध्याता ध्यानं तथा ध्येयं फलं चेति चतुष्टयम्।
इति सूत्रं समासेन सविकल्पं निगद्यते ॥५०॥

अर्थ- ध्याता कर्ता व ध्यान कर्म तथा ध्येय जो पदार्थ ध्यान किया जाता है तथा उसका फल ये ध्यान शास्त्र के विकल्प है और जहां ये कल्पनाएं होती है वहीं तक सविकल्प ध्यान कहा जाता है।

मुमुक्षुर्जन्म निर्विण्णः शान्तचित्तोवशी स्थिरः।
जिताक्षः संवृतो धीरोध्याता शास्त्रे प्रशस्यते ॥५१॥

अर्थ- मोक्ष प्राप्ति की जिनको अभिलाषा है संसार से विरक्त है चित्त जिनका शान्तचित्तयुक्त इन्द्रिय

व मनको वश में करने वाले, स्थिरचित्त, इन्द्रियों को जिन्होंने जीत लिया है, तथा उत्तम यम संयमव्रत सहित, कर्म के संवर में तत्पर, धीर निश्चल, शास्त्रमें ध्याता के ये उत्तम गुण है।

गृहावस्था में ध्यान नहीं हो सक्ता यह बतलाते है—

न प्रमाद जयंकर्तुं धीधनै रपि पार्यते।
महाव्यसन संकीर्णे गृहवासेऽतिनिन्दिते ॥५२॥

अर्थ- महान् कष्ट व आपत्तियों द्वारा व्याप्त महानिन्दनीय गृहस्थावस्था में बुद्धिमान मनुष्य के द्वारा भी प्रमाद नहीं जीता जासकता। प्रमाद के जीते बिना ध्यान सिद्धि नहीं हो सकती।

शक्यते न वशीकर्तुं गृहिभिश्चपलं मनः।
अताश्चित्त प्रशान्त्यर्थं सद्भिस्त्यक्ता गृहेस्थितिः॥५३॥

अर्थ- मन महान् चंचल है गृहवास में यह वश में नहीं आसक्ता अतः उत्तम पुरुषों ने अपने चित्त को शान्त व वश में करने के लिये घर छोड़ने का मार्ग स्वीकार किया है।

प्रतिक्षणं द्वन्द्वशतार्तचेतसां
नृणां दुराशाग्रह पीड़ितात्मनाम् ।
नितम्बिनी लोचन चौर संकटे
गृहाश्रमे स्वात्महितं न सिद्धयति ॥५४॥

अर्थ- प्रत्येक समय में सैकड़ों झंझटों में चित्त फंसा रहता है, नाना प्रकार की आशा व कल्पनाएं आत्मा को पीड़ित करती है, ऐसे पुरुषों के गृहस्थाश्रम में कैसा है गृहस्थाश्रम जहां पर सुन्दर स्त्रियों के नेत्र चौर का कार्य करते हैं गृहस्थ के चित्त को चुरा लेते हैं अतः जिस प्रकार जिस गृहस्थ के चोरी होने से वह चित्त ध्यान व आत्महित में नहीं लगा सकता ऐसे संकट पूर्ण गृहस्थाश्रम में आत्मध्यान सिद्ध नहीं हो सकता ।

निरन्तरार्त्तानलदाह दुर्गमे
कुवासनाध्वान्त विलुप्त लोचने ।
अनेक चिन्ताज्वर जिह्मितात्मनां
नृणांगृहेनात्माहितं प्रसिध्द्यति ॥५५॥

अर्थ- सदैव आर्त-ध्यान की अग्नि के द्वारा जो जलरहे हैं, दुर्गम कुवासना के अंधकार से जो अंधे होगये हैं, तथा अनेक प्रकार की चिन्ता के ज्वर से जिनकी आत्मा कुण्ठित होगई है ऐसे पुरुषों के गृहवास में आत्महित सिद्ध नहीं होता है।

प्रचण्डपवनैः प्रायश्चाल्यन्ते यत्रभूभृतः ।
तत्राङ्गनादिभिः स्वान्तंनिसर्गतरलं नाकिम् ॥५६॥

अर्थ- जहां तेज हवा के झंझावात से कठोर पहाड़ चलायमान होजाते हैं वहां स्त्रियों के सहवास से स्वाभाविक कोमल चित्त रहता है उसके चलायमान में आश्चर्य क्या है।

खपुष्प मथवाशृंगं खरस्यापि प्रतीयते ।
न पुनर्देशकालेऽपिध्यानसिद्धिः गृहाश्रमे ॥५७॥

अर्थ- आकाश का पुष्प हो सकता है तथा गधे के सींग हो सकते हैं किन्तु किसी भी देश व काल में गृहवास में ध्यान सिद्धि नहीं होती। आचार्य कहते हैं कि असंभव वस्तुएं आकाश पुष्प व गधे के सींग

हो सकते हैं जो कि वास्तव में होते नहीं है जब येही नहीं होते तब गृहावस्था में ध्यान भी नहीं हो सकता ।

अज्ञानपूर्विकाचेष्टा यतेर्यस्यात्रभूतले ।
सबध्नात्यात्मनात्मानं कुर्वन्नपितपश्चिरं ॥५८॥

अर्थ- संसार में जो साधु अज्ञान पूर्वक क्रियायें करता है वह बहुत समय से तप करता हुवा भी अपनी आत्मा को अपने कार्य से ही बांधता है ।

ज्ञानपूर्व मनुष्ठानं निःशेषंयस्ययोगिनः ।
नतस्यबन्ध मायातिकर्मकस्मिन्नपिक्षणे ॥५९॥

अर्थ- जिस साधु के सम्पूर्ण अनुष्ठान ज्ञान-पूर्वक होते हैं उसके किसी भी समय कर्मों का बन्ध नहीं होता है ।

यत्रबालश्चरत्यस्मिन् पथितत्रैव पण्डितः ।
बालःस्वमपिबध्नाति मुच्यते तत्वविद्ध्रुवम् ॥६०॥

अर्थ- जिस रास्ते से मूर्ख पुरुष चलता है उसी रास्ते से पंडित चलता है मूर्ख बंध करता है

तथा ज्ञानी बन्ध से छूटता है। अज्ञान पूर्वक क्रिया से बन्ध व ज्ञान-पूर्वक क्रिया से मोक्ष होता है।

यज्जन्मकोटिभिः पापंजयत्यज्ञः तपोबलात्।
ताद्विज्ञानी क्षणार्द्धेनदहत्यतुल विक्रमः ॥६१॥

अर्थ- मूर्ख करोड़ों जन्म तक तप करे व पापों को नष्ट करे उतने ही पापों को ज्ञानी-पुरुष अत्यंत पराक्रम के साथ आधे क्षण में नष्ट कर डालता है। यहां ज्ञानी व अज्ञानी में महान् अन्तर है।

असत्यमपि तत्सत्यं यत्सत्वाशंसकंवचः।
सावद्यंयच्च पुष्णाति तत्सत्यमपिनिन्दितम् ॥६२॥

अर्थ- जो प्राणों की रक्षा करने वाला हो किन्तु असत्य हो वह वचन भी सत्य है तथा जो प्राणों का नाश करने वाला सावद्य का पोषक सत्य वचन भी असत्य है निन्द्य है।

पृष्टैरपिन वक्तव्यंनश्रोतव्यंकथंचन।
वचःशङ्काकुलं पापंदोषाढ्यं चाभिसूयकम् ॥६३॥

अर्थ- जिस वचन में शंका हो पाप रूप हो

दोषपूर्ण हो ईर्षा द्वेष पूर्ण हो ऐसे वचनों को पूंछनेपर भी नहीं कहना चाहिये तथा कोई कहे तो सुनना नहीं चाहिये

सतांविज्ञात तत्वानां सत्यशीलावलम्बिनाम् ।
चरण स्पर्श मात्रेणविशुद्धयति धरातलम् ॥६४॥

अर्थ- सज्जन पुरुष, तत्व के पूर्ण ज्ञाता, सत्य व शील के धारक, महापुरुषों के चरण स्पर्शमात्र से पृथ्वी शुद्ध होजाती है ।

सर्व लोकप्रिये तथ्ये प्रसन्ने ललिताक्षरे ।
वाक्ये सत्यपिकिंब्रूते निकृष्टं परुषंवचः ॥६५॥

अर्थ- सम्पूर्ण जनों को प्यारा तथा जिसको कहने वाला व सुनने वाला दोनों ही प्रसन्न रहते हैं सुन्दर अक्षर वाला ऐसे वचन के होते हुए निकृष्ट कठोर मिथ्या वचन क्यों कहना चाहिये । सदासत्य मित प्रिय वचन कहना चाहिये ।

नृजन्मन्यपि यः सत्यप्रतिज्ञा प्रच्युतोऽधमः ।
सकेन कर्मणापश्चाज्जन्मपङ्कात्तरिष्यति ॥६६॥

अर्थ- अत्यन्त पुण्य कार्य करने के बाद बड़ी कठिनता से अचानक मनुष्य पर्याय प्राप्त होती है

उसको भी प्राप्त करके नीच व मूर्ख पुरुष यदि सत्य वचन नहीं बोलता तो फिर कोन से कर्म के उदय से बाद में संसार सागर तिर सकेगा। मनुष्य पर्याय उसमें सत्यशील का पालन ही संसार से छुड़ाने वाला है फिर पर्याय प्राप्त करके भी झूठ बोला तो फिर वह संसार में ही रुलेगा।

नहिसत्यप्रतिज्ञस्य पुण्यमावलंबिनः।
प्रत्यूहकरणे शक्ताआपि दैत्योरगादयः ॥६७॥

अर्थ- दैत्य राक्षस सर्पादि दुष्ट प्राणी भी सत्य वक्ता व पुण्यशाली जीव को नहीं सता सकते वे उसका कुछ भी नहीं बिगाड़ सकते।

यस्तपस्वी जटीमुण्डो नग्नो वा चीवरावृतः।
सोऽप्य सत्यं यदि ब्रूतेनिन्द्यः स्यादन्त्यजादपि॥६८॥

अर्थ- जो तप करते हैं जटाधारी है मुण्डन किये हुये हैं अथवा सर्व वस्त्र त्यागी नग्न साधु है तथा लंगोटी धारण किये हुए हैं ऐसे पुरुष भी यदि असत्य भाषण करते हैं तो वे चाण्डाल से भी अधिक निन्दा के योग्य हैं।

एकतः सकलं पापं असत्योत्थंततोऽन्यतः ।
साम्य मेववदन्त्यार्यास्तुलायां धृतयोस्तयोः ॥६९॥

अर्थ-आर्य पुरुष कहते हैं कि असत्य वचन से उत्पन्न पाप को एक तरफ इकट्ठा करके तराजू के एक पलड़े में रखा जावे तथा बाकी के समस्त पापों को इकट्ठे करके एक तरफ के तराजू के पलड़े में रखकर तोल किया जावे तो दोनों बराबर निकलेंगे। सब पापों से असत्य बोलना ज्यादा पाप है।

सत्य वचन के वर्णन के बाद ब्रह्मचर्य का वर्णन करते हैं-

एक मेव व्रतं श्लाध्यं ब्रह्मचर्यं जगत्रये ।
यद्विशुद्धिं समापन्नाः पूज्यन्ते पूजितैरपि ॥७०॥

अर्थ- तीनों जगत में सर्वोत्तम ब्रह्मचर्य ही प्रशंसनीय व्रत है जिसने शुद्ध ब्रह्मचर्य व्रत का पालन कर लिया उनकी पूजा पूज्य पुरुष भी करते हैं।

ब्रह्मव्रत मिदंजीयाच्चरणस्यैव जीवितम् ।
स्युःसन्तोऽपिगुणाःयेनविनाक्लेशाय देहिनाम्॥७१॥

अर्थ- यह ब्रह्मचर्य व्रत जयवन्त हो जिसने

इसका पालन किया है उसमें अनेक गुण आजाते हैं तथा प्राणियों के क्लेशों को दूर करने वाला हो जाता है।

विरज्य कामभोगेषु ये ब्रह्मसमुपासते।
एतेदश महादोषास्ते स्त्याज्या भावशुद्धये ॥७२॥

अर्थ- जो पुरुष काम व इन्द्रियों के भोगों से विरक्त रहकर ब्रह्मचर्य की उपासना करते हैं उनके द्वारा ब्रह्मचर्य में बाधक दश महादोष त्यागने योग्य हैं। इससे भाव शुद्धि होकर पूर्ण ब्रह्मचर्य का पालन होता है।

निर्दयत्व मनार्यत्वं मूर्खत्वमति चापलम्।
वञ्चकत्वं कुशीलत्वं स्त्रीणां दोषाः स्वभावजाः ॥७३॥

अर्थ- निर्दयीपना, म्लेच्छपना, मूर्खता, अति चंचलता, ठगविद्या, व्यभिचार ये दोष स्त्रियों में स्वभाव से होते हैं।

विचरन्ति कुशीलेषुलङ्घयन्ति कुलक्रमम्।
नस्मरन्ति गुरुं मित्रं पतिं पुत्रञ्च योषितः ॥७४॥

अर्थ- व्यभिचार के निमित्त अपनी कुल परंपरा को छोड़कर इधर उधर घूमती है व अपने बड़ेजन, मित्र, पति व पुत्र को भी स्त्रियां भूल जाती है अपमानित करती है।

सतीत्वेन महत्वेन वृत्तेन विनयेनच।
विवेकेन स्त्रियः काश्चिद्भूषयन्ति धरातलम् ॥७५॥

अर्थ- सभी स्त्रियां ऊपरि लिखित रूप से नहीं होती अपवाद रूप में इसी पृथ्वी में कुछ स्त्रियां अपने सतीत्व से अपनी महानता से उदारता आदि उत्तम कार्य से, उत्तम चरित्र से, विनय से, व विशेष ज्ञान से सुशोभित होती हैं प्रसिद्ध होती हैं।

ननुसन्ति जीवलोकेकाश्चिच्छमशील संयमोपेताः॥
निजवंशतिलकभूताः श्रुतसत्य समन्वितानार्यः।७६

अर्थ- निश्चय से इस संसार में कुछ स्त्रियां ऐसी होती है जो अपने त्याग से संयम से श्रेष्ठ होती हैं शास्त्र व सत्य में परिपूर्ण होती है और अपने वंश के तिलकभूत अर्थात् शिरोमणि होती हैं।

नवनीत निभंपुंसां मनः सद्योविलीयते ।
वनिता वह्निसंतप्तं सतामपिन संशयः ॥७७॥

अर्थ- उत्तम पुरुषों का भी मन मक्खन के तुल्य होता है जो स्त्री रूपी अग्नि का सहवास प्राप्त करके शीघ्र ही पिघल जाता है इसमें शंका नहीं ।

स्थिरीकृत्य मनस्तत्वे तावत्तिष्ठति संयमी ।
यावन्नि ताम्बिनी भोगिभृकुटिं न समीक्षते ॥७८॥

अर्थ- अपने ध्यान में तत्व विचार में मनको स्थिरीभूत करके संयमी पुरुष वहीं तक टिक सकता है जहां तक कि इन स्त्री रूपी सर्पिणी के तेज नेत्र नहीं देख पाता । जिस समय स्त्री के नेत्रों को इसने देखा तबही स्थिर रहना कठिन होजाता है ।

श्रुतं सत्यंतपः शीलं विज्ञानं वृत्तमुत्तमम् ।
इन्धनी कुरुतेमूढः प्रविश्य वनितानले ॥७९॥

अर्थ-इस स्त्री रूपी अग्नि में प्रवेश करके मूर्ख अपने संचित शास्त्र-ज्ञान, सत्य, तपश्चर्या, बल

ब्रह्मश्चर्य, उत्तम बुद्धि व चारित्र सबको भस्म कर देता है।

अपवाद महापंके निमज्जन्ति न संशयः ।
यमिनोऽपिजगद्वन्द्य वृत्ता रामास्पदंश्रिता ॥८०॥

अर्थ- जिन महापुरुषों का चरित्र संसार में पूजनीय है जो संयमी है तथापि यदि वे स्त्रियों के समीप आश्रय लेते हैं तो महा निन्दा रूपी कीचड़ में अवश्य फस जायेंगे। अतः स्त्रियों का सथ अवश्य त्याग ने योग्य है।

ब्रह्मचर्यच्युतः सद्यो महानप्य व मन्यते ।
सर्वैरपिजनैः लोके विध्यात इव पावकः ॥८१॥

अर्थ- महान संयमी रहा हो किन्तु यदि जरा भी ब्रह्मचर्य से डिग गया तो अग्नि के समान संपूर्ण मनुष्यों के द्वारा लोक में अपमानित किया जाता है।

वास्तव मे वृद्ध पुरुष कौन होते हैं यह बतलाते हैं।

स्वतत्व निकषोदभूतं विवेका लोकवर्द्धितम् ।
येषां बोधमयं चक्षुस्ते वृद्धा विदुषां मताः ॥८२॥

अर्थ- अपने तत्वज्ञान की कसौटी से उत्पन्न

विवेक के प्रकाश से जो बढ़े हुए हैं जिनके ज्ञानचक्षु खुले हैं वे विद्वानों ने वृद्ध कहे हैं।

तपः श्रुतधृतिध्यानविवेकयमसंयमैः।
ये वृद्धास्तेऽत्र शस्यन्ते नपुनः पलिताङ्कुरैः ॥८३॥

अर्थ- केवल सफेद बाल आजाने से ही वृद्ध नहीं होते किन्तु तप में शास्त्र में धैर्य में ध्यान में ज्ञान में त्याग व संयम में जो बड़े हैं वेही प्रशंसनीय वृद्ध हैं।

प्रत्यासत्तिं समायातैर्विषयैः स्वान्तरंजकैः।
न धैर्यं स्खलितं येषांतेवृद्धाः विबुधैर्मता :॥८४॥

अर्थ- अपने दिल को लुभाने वाले इन्द्रिय विषय भोगों को समीप में आने पर जो अपने धैर्य व दिल को स्खलित नहीं करते च्युत नहीं होते वे वास्तव में विद्वानों द्वारा वृद्ध माने गये हैं।

नहि स्वप्नेऽपि संयाता येषांसद्वृत्त वाच्यता।
यौवनेऽपिमतावृद्धास्ते धन्याः शीलशालिभिः॥८५॥

अर्थ- जिनकी स्वप्न में भी उत्तम चरित्र की

निन्दा नहीं हुई वे जवानी में भी शील संचय से वृद्ध हैं व वे धन्य हैं।

वार्द्धक्येन वपुर्धत्ते शैथिल्यं च यथायथा।
तथा तथा मनुष्याणां विषयाशा निवर्तते ॥८६॥

अर्थ- जैसे जैसे शरीर वृद्धावस्था से शिथिल होता जाता है वैसे वैसे ही मनुष्यों की विषय वासना शक्ति कम होजाती है। और इस प्रकार कम होना त्याग व तप नहीं कहलायेगा मन तो उस समय भी उनका चंचल रहता है।

हीनाचरणसंभ्रांतो वृद्धोऽपितरुणायते।
तरुणोऽपि सतां धत्तेश्रियं सत्संगवासितः ॥८७॥

अर्थ- हीन चरित्र से युक्त वृद्ध पुरुष भी जवान गिना जाता है तथा उत्तम सत्संग सहित तरुण पुरुष भी सत्पुरुषों में शोभा प्राप्त करता है।

अन्ध एव वराकोऽसौ न सतां यस्यभारती।
श्रुतिरन्ध्रं समासाद्य प्रस्फुरत्यधिकंहृदि ॥८८॥

अर्थ- वह विचारा अन्धा ही है सत्पुरुषों की

वाणी जिसके कर्ण छिद्रों में प्रवेश करके उसके हृदय में स्फूर्ति पैदा नहीं करती। सत् पुरुषों की वाणी श्रवण करके जिनके हृदय में चेतना पैदा होती है वे ही पुरुष ज्ञानवान हैं।

मदान्धैः कामुकैः पापैर्वञ्चकै र्मार्गविच्युतैः।
स्तब्धलुब्धाधमैः सार्द्धसंगो लोकद्वयान्तकः॥८९॥

अर्थ- नीति का वर्णन कर रहे हैं कि जो पुरुष अभिमान में अंधे हैं तथा कामलोलुप हैं पाप जीवन व्यतीत करते हैं, ठग, सन्मार्ग से गिरे हुए, आलसी, लोभी व नीच हैं ऐसे पुरुषों की संगति इस लोक में धन कीर्ति आदि का नाश करने वाली व परलोक में नरक तिर्यंचादि के दुःखों को प्रदान करने वाली है अतः इहलोक व परलोक दोनों को बिगाड़ने वाली है।

आगे ध्यान सिद्धि में बाधक परिग्रह का वर्णन करते हैं—

दशग्रन्था मता बाह्या अन्तरंगाश्चतुर्दश।
तन्मुक्त्वा भव निःसंगो भावशुद्ध्याभृशं मुने॥९०॥

अर्थ- बाहिरंग दश परिग्रह व अंतरंग चौदह परिग्रह इस प्रकार अंतरंग व बहिरंग परिग्रह को त्यागकर निस्संग होना चाहिये इससे मुनि के ध्यान की पूर्ण सिद्धि होती है।

वास्तुक्षेत्रं धनं धान्यं द्विपदाश्चचतुष्पदाः।
शयनासनयानंच कुप्यंभान्ड ममीदश ॥९१॥

अर्थ- मकान, खेत, धन, धान्य, स्त्री पुत्र, दासी दासादि द्विपद, गाय भैंस घोड़ा आदि चतुष्पद शयन (सोने) के साधन बैठने के उपकरण व सवारी आदि, धातु के बर्तन थाली आदि, ये दश प्रकार के बाह्य परिग्रह है।

मिथ्यात्व वेदरागाः दोषाहास्यादयोऽपिषट्चैव।
चत्वारश्च कषायाश्चतुर्दशाभ्यंतराःग्रन्थाः ॥९२॥

अर्थ- मिथ्यात्व, पुरुषवेद, स्त्रीवेद, नपुसंकवेद, हास्य, रति, अरति, शोक, भय, ग्लानि, क्रोध, मान, माया, लोभ, ये चौदह अंतरंग परिग्रह है।

नाणवोऽपिगुणा लोकेदोषा शैलेन्द्र सन्निभाः ।
भवन्त्यत्र न संदेहः संगमासाद्य देहिनाम् ॥९३॥

अर्थ- प्राणियों के परिग्रह द्वारा पहाड़ के समान दोष ही उत्पन्न होते हैं व गुण अणुमात्र भी नहीं प्राप्त होता । परिग्रह में दोषही दोष है परिग्रह त्याग में गुण है परिग्रह त्याग के बिना गुण प्राप्ति असंभव है ।

सर्व संगपरित्यागः कीर्त्यते श्रीजिनागमे ।
यस्तमे वान्यथाब्रूतेसहीनः स्वान्यघातकः ॥९४॥

अर्थ- जिनाज्ञा सम्पूर्ण परिग्रह को त्याग देने की है तबही पूर्ण साधु व ध्यानी बन सकता है । जो इसके विपरीत कहता है वह अपना व दूसरे का नाश करने वाला मिथ्यावादी है ।

अपि सूर्यस्त्यजेद्धाम स्थिरत्वं वा सुराचलः ।
न पुनः संगसकीर्णो मुनिः स्यात्संवृतेन्द्रियः ॥९५॥

अर्थ- आचार्य कह रहे हैं कि सूर्य अपने तेज को छोड़दे व मेरु पर्वत अपनी स्थिरता को छोड़दे

किन्तु परिग्रह से जकड़ा मुनि कभी भी इन्द्रिय विजयी नहीं होसक्ता असंभव कार्य संभव होसक्ते हैं किन्तु परिग्रह त्याग के विना मुनि ध्यानी व संयमी हो ही नहीं सकता। यद्यपि यह स्पष्ट है कि सूर्य अपने तेज को मेरुपर्वत अपनी स्थिरता को कभी भी नहीं छोड़ेगा किन्तु आचार्य वस्तु स्थिति को ठीक तरह से ज्ञान कराने के लिये उक्त उदाहरण देरहे हैं। जब येही अपने स्वभाव को नहीं छोडते तो बिना विभाव परिग्रह को छोडे स्वभाव प्राप्त ही कैसे हो सकता है।

बाह्यानपिच यः सङ्गान्परित्यक्तुमनीश्वरः।
सक्लीवः कर्मणां सैन्यं कथमग्रे हनिष्यति ॥९६॥

अर्थ- जो पुरुष बाह्य परिग्रह का ही त्याग करने में असमर्थ है तो आचार्य कहते हैं कि वह नपुंसक पुरुष कैसे आगे चलकर कर्म की सेना को नष्ट कर सकेगा। जो चीज बाहर से दूर की जासकती है वह ही दूर नहीं कीगई तो अंतरंग कर्म कैसे दूर होंगे।

विजनेजन संकीर्णे सुस्थिते दुस्थितेऽपिवा ।
सर्वत्रा प्रतिबद्धः स्यात्संयमीसंगवर्जितः ॥९७॥

अर्थ- जहां मनुष्य नहीं पहुंचते ऐसे जंगल में व जहां अधिक मनुष्य होते हैं ऐसे नगर में सुकाल व अकाल में सम्पूर्ण परिस्थितियों में परिग्रह त्यागी संयमी साधु रुक नहीं सकते उनका कार्य किसी के पीछे रुक नहीं सकता बिना किसी के आश्रय के अपने ध्यान संयम का पालन कर सकते हैं परिग्रह में पराश्रयता रहती ही है ।

यावद्यावच्छरीराशा धनाशा वाविसर्पति ।
तावत्तावन्मनुष्याणां मोहग्रन्थिर्दृढी भवेत् ॥९८॥

अर्थ- मनुष्य के शरीर में व धन में मोह जहां तक रहता है वहीं तक मोह रूपी गठान मजबूत ही होती जाती है । शरीर व धन से ममत्व छूटे बिना मोह नहीं दूर होता ।

ध्यान साधन के अन्य उपाय बतला रहे हैं:—

सिद्धक्षेत्राणि सिद्धानि जिनबिम्बानिवन्दितुम् ।
गुर्वाचार्य तपो वृद्धान्सेवितुंव्रजतोऽथवा ॥९९॥

दिवा सूर्य करैः स्पष्टं मार्गं लोकातिवाहितम् ।
दयार्द्रस्याङ्गि रक्षार्थं शनैः संश्रयतो मुनेः ॥१००॥
प्रागेवालोक्य यत्नेन युगमात्राहितेऽक्षिणः ।
प्रमाद रहित स्यास्य समितीर्या प्रकीर्तिता ॥१०१॥

अर्थ- सिद्ध क्षेत्रों की वन्दना के लिये सिद्ध प्रतिमा व अर्हंत प्रतिमा के वन्दना के लिये दीक्षा-गुरु विद्यागुरु आदि गुरुजनों की आचार्य श्री की अथवा तप में वृद्ध पुरुषों की सेवा करने के लिये गमन करने वाला साधु दिन में ही सूर्य के किरणों द्वारा स्पष्ट प्रकाश होजाने पर जिस मार्ग में अनेकों मनुष्य आये और गये हों ऐसे चालू रास्ते पर दया पूर्ण हृदय होता हुवा प्राणियों की रक्षा के लिये धीरे धीरे गमन करे । यत्न पूर्वक आगे चार हाथ जमीन को देखकर प्रमाद रहित होकर गमन करे ऐसे साधु के ईर्या समिति होती है ।

सुप्तेष्वक्षेषु जागर्ति पश्यत्यात्मानमात्मनि ।
वीतविश्वविकल्पोऽसौ सः स्वदर्शी बुधैर्मतः ॥१०२॥

अर्थ- इन्द्रियां जहां सुप्त हो जाती हैं उनसे कोई कार्य न करते हुए अपने आत्म-ज्ञान द्वारा अपनी आत्मा का निरीक्षण करता है सम्पूर्ण सांसारिक विकल्प बुद्धि जहां नष्ट होजाती है उसी को विद्वानों ने स्वदर्शी आत्मदर्शी कहा है।

यानिशा सर्वभूतेषुतस्यां जागर्ति संयमी।
यस्यां जाग्रति भूतानि सानिशापश्यतो मुनेः॥१०३॥

अर्थ- सर्व प्राणियों के लिये जहां रात्रि है वहां पर संयमी पुरुष जागृत रहता है तथा जहां पर प्राणी जागते है वहां पर देखते हुए मुनि के भी रात्रि है। प्राणी आत्म-ध्यान में सोते हुए से रात्रि के अंधकार के समान हैं वहां पर संयमी जागता है देखता है आत्म-ध्यान करता है। जिन इन्द्रिय विषयों में प्राणी जागता रहता है वहां पर साधु के उस तरफ से रात्रि के अन्धकार के समान है अर्थात इन्द्रिय विषयों का विचार नहीं करते। यही इसका भाव है।

विहाय सर्व संकल्पान् रागद्वेषावलम्बितान् ।
स्वाधीनं कुरुते चेतः समत्वेसु प्रतिष्ठितम् ॥१०४॥

अर्थ- सम्पूर्ण रागद्वेष के आधारभूत विकल्पों को विचारों को छोडकर अपने चित्त को आत्मा के विचार में तल्लीन करना समदर्शी होना है यही समभाव है ।

सिद्धान्त सूत्र विन्यासेश्चत्येरयतोऽथवा ।
भवत्य विकलानाम मनोगुप्ति मनीषिणः ॥१०५॥

अर्थ- ऊपर के श्लोकों में जो सम्पूर्ण बाह्य विकल्पों को छोडकर आत्मदर्शी होना बताया है वह भी मनोगुप्ति है जिनसे इतनी नहीं सिद्ध होती वे सिद्धान्त सूत्रों का मनन करते है विचारते हैं उसी में निरन्तर मनको लगाते हैं उनके भी मनोगुप्ति होती है ।

साधु संवृत वाग्वृत्ते मौनारूढस्यवा मुनेः ।
संज्ञादि परिहारेण वाग्गुप्तिः स्यान्महा मुनेः ॥१०६॥

अर्थ- अपनी वाणी को जिन्होंने सर्वथा रोक कर मौन पूर्वक आत्म-ध्यान में लीन रहते हैं इशारे आदि का भी जो व्यवहार नहीं करते ऐसे महामुनि के वाग्गुप्ति होती है।

स्थिरीकृत शरीरस्य पर्यङ्कसंस्थितस्यवा।
परीषह प्रपातेऽपिकायगुप्तिर्मता मुनेः ॥१०७॥

अर्थ-पद्मासन से व अन्य किसी तरह अपने शरीर को स्थिर रखते है तनिक भी हलन चलन नहीं होने देते। भयंकर परीषह होने पर जरा भी शरीर को चलायमान नहीं करते उन मुनिराज के कायगुप्ति होती हैं।

परीषह आने पर क्या विचारना चाहिये यह बतलाते हैं-

हत्वास्व पुण्यसन्तानं मद्धोषं योनिकृन्तति।
तस्मै यदिह रुष्यामि मदन्यःकोऽधमस्तदा ॥१०८॥

अर्थ- भला मनुष्य अपनी पुण्य परंपरा को नष्ट करके भी मेरे दोषों को नष्ट कर रहा है कितना परोपकार कर रहा है फिर भी यदि मैं उसको रुष्ट

करूं तो मेरे समान उपकारी के उपकार को न मानने वाला कौनसा अधम होगा। जो कुछ भी उपसर्ग साधु पर करता है वह सब से पूर्व अपने लिये पाप कर्म का बंध करता है। तथा साधु के तो सत्ता में रहे कर्म निमित पाकर निर्जरित होजाते हैं व शान्ति से उपसर्ग सह लेने पर नये कर्मों का बंध नहीं होता है अतः उपसर्ग करने वाला अपना अपकार करके दूसरों का उपकार ही करता है अतः उसको किसी भी तरह से रुष्ट नहीं करना चाहिये व शान्ति से उपसर्ग सहन कर ध्यान में चित्त लगाना चाहिये।

संभवन्ति महाविघ्नाइह निःश्रेय सार्थिनाम्।
तेचेत् किलसमायाता समत्वं संश्रयाम्यतः ॥१०९॥

अर्थ- कल्याण के इच्छुक प्राणी के मार्ग में महान् विघ्न आते है और यदि वे सन्मुख ही आगये हैं तो शान्ति भाव से सहन करना चाहिये इसके शुद्ध निश्चय से निःश्रेयस की प्राप्ती होगी ही।

प्राङ्मयायत्कृतं कर्म तन्मये वोपभुज्यते ।
मन्ये निमित्तमात्रोऽन्यः सुख दुःखोद्यतोजनः॥११०।

अर्थ- मैंने जो पूर्व में अशुभ कर्म किये हैं वेही तो मेरे द्वारा भोगे जावेंगे व उन्हें भोगना ही होगा ये परीषह करने वाले तो निमित्त मात्र हैं। अपने सुख व दुःख का कारण तो स्वयं के किये शुभाशुभ कर्म ही हैं।

सहस्व प्राक्तना सातफलं स्वस्थेन चेतसा ।
निष्प्रतीकारमालोक्य भविष्य दुःख शङ्कितः॥१११।

अर्थ- अपने पूर्व के असाता वेदनीय के ये फल हैं इन्हें स्वस्थ शांत चित्त से सहन करना चाहिये। इनका सहन करने के अलावा और कोई उपाय नहीं है। यदि शान्ति से सहन कर लिये तो आगे दुःख न मिलेगा व अशान्ति की तो नवीन कर्म बंधेंगे व आगे इससे भी अधिक दुःख भोगना पड़ेगा।

मान का निषेध करते हैं—

मानग्रंथिर्मनस्युच्चैर्या वदास्तेदृढस्तदा ।
तावद्विवेक माणिक्यं प्राप्तमप्य व सर्पति ॥११२॥

अर्थ- जब मनुष्य के चित्त में मजबूत मान की गठान लग जाती है उस समय उसको प्राप्त हुवा ज्ञानरूपी माणिक्य रत्न भी उससे दूर हट जाता है। मानी पुरुष के पास ज्ञान नहीं ठहरता अभिमान में अविवेक ही के कार्य होते हैं।

ज्ञानरत्न मपाकृत्य गृह्णात्य ज्ञानपन्नगम् ।
गुरू नपिजनो मानी विमानयति गर्वतः ॥११३॥

अर्थ- ज्ञानरूपी रत्न को अभिमानी पुरुष खो देता है तथा अज्ञान-रूपी सर्प को ग्रहण कर लेता है। गर्व में बड़े जनों का भी अविनय कर देता है।

मान मालम्ब्य मूढात्मा विधत्ते कर्म निन्दितम् ।
कलङ्क यतिचाशेष चरणं चन्द्र निर्मलम् ॥११४॥

अर्थ- मूर्ख प्राणी मान के वशीभूत होकर निन्द्य कर्म भी कर डालता है। जैसे कुछ हिस्सा

सम्पूर्ण चन्द्र मण्डल को कलङ्कित कर देता है।

गुणरिक्ते न किंतेन मानेनार्थः प्रसिद्ध्यति।
तन्मन्ये मानिनां मानंयलोकद्वय शुद्धिदम्॥११५॥

अर्थ- मान है वह गुण रहित है कारण कि उससे कुछ भी अर्थ सिद्ध नहीं होता। आचार्य कहते हैं कि मैं तो जब मानूं जब मान इह व परलोक को सुधारने वाला हो किन्तु मान से इहलोक में भी अपयश मिलता है तथा परलोक भी बिगडता है अतः निरर्थक है।

विषयेषु यथा चित्तंजन्तोर्मग्न मनाकुलम्।
तथा यद्यात्मनस्तत्वेसद्यः कोनशिवीभवेत्॥११६॥

अर्थ- जिस प्रकार प्राणी का चित्त विषयों मे निराकुलता के साथ लीन होजाता है उसी तरह यदि आत्म ध्यान में लीन होता रहें तो ऐसा कौन प्राणी है जो मोक्ष में न जावे। किन्तु विषयों में चित्त लग जाता है आत्म-ध्यान में नहीं लगता।

जगद्धन चातुर्य विषयाणां न केवलम्।
नरान्नरक पाताले ने तुमप्यति कौशलम॥११७॥

अर्थ- विषयभोग केवल संसार को ठगने में ही चतुर हो ऐसा नहीं किन्तु ये विषय सुख तो मनुष्य को नरक व पातालों में लेजाने में भी कुशल है। विषयों से ठगा भी जाता है व नरक भी मिलता है।

विषस्य कालकूटस्य विषयाख्यस्य चान्तरम्।
वदन्ति ज्ञात तत्वार्था मेरु सर्षपयोरिव ॥११८॥

अर्थ- कालकूट विष में व विषय में तत्वार्थ के ज्ञाता पुरुष मेरु व सरसों के समान अन्तर बतलाते हैं। कालकूट विष अच्छा किन्तु विषय महा बुरा है। विष भक्षण से प्राणी एकही बार मरता है किन्तु विषयों से तो अनन्त बार मरता है।

अयत्नेनापि जायन्ते तस्यैता दिव्यसिद्धयः।
विषयैर्नमनोयस्यमनागपि कलङ्कितम् ॥११९॥

अर्थ- जिस महा पुरुष का चित्त कभी भी विषय वासनाओं से कलङ्कित नहीं हुवा है उसको बिना प्रयत्न के भी अनेक चमत्कारी सिद्धियां प्राप्त हो जाती है।

क्रमानो नाम संसारे जन्तु व्रजविडम्बके ।
यत्र प्राणी नृपोभूत्वा विष्ठामध्ये कृमिर्भवेत् ॥१२०॥

अर्थ- जीव जन्तुओं कर व्याप्त इस संसार में मान रहही नहीं सकता देखो आज जो जीव राजा की पर्याय में है वह ही आगे अशुभ कर्मोदय से मरकर विष्ठा के मध्य में कीडा पैदा होता है ।

कूठ द्रव्यमिवासारं स्वप्नराज्यमिवाफलम् ।
अनुष्ठानं मनुष्याणां मन्ये मायावलम्बिनाम् ॥१२१॥

अर्थ- जैसे सवथा कूटस्थ द्रव्य से कोई सार प्राप्त नहीं होसकता स्वप्नावस्था में मिले राज्य से कोई फल नहीं मिल सकता उसी प्रकार मायाचारी मनुष्यों का किया हुवा अनुष्ठान सार रहित व निष्फल जाता है ।

लोकद्वयहितं केचित्तपोभिः कर्त्तुमुद्यतः ।
निकृत्या वर्तमानास्ते हन्तहीनान लज्जिताः ॥१२२॥

अर्थ- जो प्राणी इस लोक में ऐश्वर्य सम्पदादि व परलोक का भी सुख तप के द्वारा चाहते है ।

वे जैसे फेंक करके घुमाये हुये के समान वहीं के वहीं आजाते हैं उनके तप का कोई फल नहीं निकलता। खेद है कि वे व्यर्थ में नष्ट होते हुए भी लज्जित नहीं होते। कर्म को नष्ट करने के लिये तपादि का साधन है वह निष्काम साधना से ही सम्भव है।

दृग्बोधनयनः सोऽयमज्ञानतिमिराहतः।
जानन्नपिन जानाति पश्यन्नपिन पश्यति ॥१२३॥

अर्थ- जो तपादि द्वारा इस लोक व परलोक का सुख चाहते हैं उनके ज्ञान नेत्र तिमिर रोग से नष्ट होगये हैं जो जानते हुए भी नहीं जान पाते व देखते हुए भी नहीं देख पाते। अर्थात् वे आंखें होते हुए भी अंधे हैं।

अविश्रान्तम सौजीवः यथाकामार्थं लालसः।
विद्यतेऽत्रयदि स्वार्थे तथार्किन विमुच्यते ॥१२४॥

अर्थ- यह जीव अनादि काल से विषय वासना व अर्थ लोलुपता में लगातार स्वार्थरत रहता आया

है फिर भी अभीतक ये नहीं छोड़े जाते ? अवश्य इन्हें छोड़ना चाहिये ।

गुणाधिकतया मन्ये सयोगी गुणिनां गुरुः ।
तन्निमित्तेऽपिनाक्षिप्तं क्रोधाद्यैर्यस्य मानसम् ॥१२५॥

अर्थ- जो योगी अपने मनको निमित्त मिलने पर भी क्रोधादि द्वारा दूषित नहीं होने देता वह अधिक गुणवान् है और वही योगी गुणवानों का भी गुरु है ।

यदि क्रोधादयः क्षीणास्तदाकिं खिद्यतेवृथा ।
तपोभिरथतिष्ठन्ति तपस्तत्राप्यपार्थकम् ॥१२६॥

अर्थ- यदि क्रोधादि कषाय क्षीण होगई है तो वहां तपादि का कष्ट भी व्यर्थ है कारण कि तपादि साधन कषायादि शान्ति के लिये ही किये जाते हैं अत कषायों का क्षीण होना ही मुख्य उद्देश्य है ।

यत्सुखं वीतरागस्य मुनेः प्रशम पूर्वकम् ।
नतस्यानन्त भागोऽपि प्राप्यते त्रिदशेश्वरैः ॥१२७॥

अर्थ- वीतराग मुनि के जो प्रशम सुख होता

है उसका अनन्तवां हिस्सा भी सुख देवेन्द्र को प्राप्त नहीं होता। दृश्यमान संसार ऋद्धियां इन्द्र के पास होते हुए भी कषायों की क्षीणता न होने से आत्मिक सुख नहीं मिलता कषायों की क्षीणता होने पर वीतराग मुनि के महान् सुख प्राप्त होता है।

एक एव मनोदैत्य जयः सर्वार्थ सिद्धिदः।
अन्यत्र विफलः क्लेशो यामिनां तज्जयं विना ॥१२८॥

अर्थ- ध्यान तप संयमादि जितने भी साधन किये जायं जहांतक मन पर विजय प्राप्त नहीं होती सब व्यर्थ क्लेश मात्र हैं अतः मनरूपी दैत्य का विजय करना ही सम्पूर्ण अर्थ सिद्धि को देने वाला है।

एक एव मनोरोधः सर्वाभ्युदय साधकः।
यमेवालम्ब्य संप्राप्त योगीनस्तत्वनिश्चयम् ॥१२९॥

अर्थ- एक चंचल मन का नियन्त्रण करना ही सम्पूर्ण ऐश्वर्य की सिद्धि का कारण है मनको वश में करके ही मुनिजन तत्व निश्चय को प्राप्त करते हैं।

ध्यान शुद्धि मनः शुद्धेः करोत्ये व न केवलं ।
विच्छिनत्य पिनिःशङ्कं कर्मजालानि देहिनाम् ॥१३०॥

अर्थ- मनकी शुद्धि ही ध्यान सिद्धि को प्राप्त कराती है जिसके ही बल से प्राणियों के निश्चय से कर्म समूह नष्ट होते हैं ।

यथा यथामनः शुद्धिर्मुनेः साक्षात्प्रजायते ।
तथा तथाविवेक श्रीर्हृदधत्ते स्थिरंपदं ॥१३१॥

अर्थ- जैसे जैसे मुनिराज के मनकी शुद्धि प्रत्यक्ष में होती जाती है वैसे वैसे विवेक लक्ष्मी उनके हृदय में स्थिर होकर निवास करती है ।

विभ्रमाद्विष यारण्ये चलच्चेतो वलीमुखः ।
येनरुद्धो ध्रुवं सिद्धं फलं तस्यैव वाञ्छितम् ॥१३२॥

अर्थ- विषय रूपी वन में चलायमान चित्त-रूपी व्याघ्र को जिसने रोक लिया है निश्चय से उसको मन वाञ्छित फल की सिद्धि होती है ।

चित्तमेकं नशक्नोतिजेतुं स्वातन्त्र्य वर्तियः ।
ध्यानवार्तां ब्रुवन्मूढः सकिंलोकेन लज्जते ॥१३३॥

अर्थ- जो प्राणी स्वतन्त्र घूमने वाले निरंकुश चित्त को नहीं जीत सकता और कहता है कि मैं ध्यान करता हूं व ध्यानी हूं तो उसे लोक में लज्जित होना चाहिये। अर्थात् बिना चित्त नियन्त्रण के ध्यान सिद्धि नहीं हो सकती।

यस्याचित्तं स्थिरीभूतं प्रसन्नं ज्ञानवासितम्।
सिद्धमेव मुनेस्तस्य साध्यं किं कायदण्डनैः ॥१३४॥

अर्थ- जिस मुनिराज का चित्त स्थिर है चलायमान नहीं है तथा प्रसन्न है निर्मल है तथा सम्यग्ज्ञान द्वारा सुरभित है बस उन साधु के साध्य पूरा हुवा आगे तपादि कायक्लेश उसके लिये व्यर्थ है कारण कि कार्य पूरा होने के बाद कारण निष्फल होते हैं।

तपःश्रुतयम ज्ञानतनुक्लेशादि संश्रयम।
अनियन्त्रित चित्तस्य स्यान्मुनेः तुषखण्डनम्।१३५।

अर्थ- तपः शास्त्र स्वाध्याय संयम ज्ञानाभ्यास कायक्लेश आदि कार्य में जिन मुनिराज का चित्त

चलायमान है उनके लिये तुषों को खांडने के समान है। जैसे आटा के बाद बचे हुए तुषों को खांडने से कुछ भी प्राप्त नहीं होता उसी तरह चित्त के वशीभूत हुए बिना यम तप काय क्लेशादि सब व्यर्थ है।

रागी बध्नाति कर्माणि वीतरागो विमुच्यते।
जीवो जिनोपदेशोऽयं समासाद्बन्ध मोक्षयोः॥१३६॥

अर्थ- रागवान पुरुष कर्मों का बंध करता है तथा वीतराग पुरुष कर्मों को नष्टकर मुक्त होजाता है यही संक्षेप में जिनेन्द्र भगवान के उपदेश में बन्ध मोक्ष की व्यवस्था है।

चिदचिल्लक्षणैर्भावै रिष्टानिष्टतया स्थितैः।
न मुह्यतिमनो यस्य तस्यसाम्ये स्थितिर्भवेत्॥१३७॥

अर्थ- चेतन व अचेतन पदार्थ परिस्थिति के अनुसार इष्ट व अनिष्ट होते हैं। काई पदार्थ स्वार्थ सिद्धि में सहायक हो वह इष्ट व जो स्वार्थ नाशक हो वह अनिष्ट ऐसे इष्ट पदार्थों में राग व अनिष्ट

में द्वेष न हो इस प्रकार जिनका चित्त मोहित न हो उनकी साम्यावस्था में स्थिति होती है।

साम्य सीमानमालम्ब्यकृत्वात्मन्यात्म निश्चयम् ।
पृथक् करोतिविज्ञानी संश्लिष्टे जीवकर्मणी ॥१३८

अर्थ- समता की सीमा को ही आश्रय करके आत्मा में आत्म बुद्धि को करके विज्ञानी नर अनादि काल से चिपके कर्म व जीव को अलग अलग कर देता है। इस प्रकार कर्म बन्धन से आत्मा को छुडा लेता है।

साम्य कोटिं समारूढो यमी जयति कर्म यत् ।
निमिषान्तेन तज्जन्मकोटि भिस्तपसेतरः ॥१३९॥

अर्थ- समता अवस्था को प्राप्त कर संयमी पुरुष एक क्षण में उतने कर्म समूह नष्ट कर देता है जितने दूसरा पुरुष करोड़ जन्म की तपस्या से भी नहीं कर पाता।

साम्यमेव परंध्यानं प्रणीतं विश्वदर्शिभिः ।
तस्यैव व्यक्तयेनूनं मन्येऽयं. शास्त्रविस्तरः ॥१४०

अर्थ- रागद्वेष रहित साम्य अवस्था की प्राप्ति ही विश्व के ज्ञाता भगवान ने उत्कृष्ट ध्यान बताया है उसी को समझाने के लिये ही यह सब विस्तार से वर्णन किया है।

अशेष परपर्यायैरन्य द्रव्यैर्विलक्षणम्।
निश्चिनोति यदात्मानं तदासाम्यं प्रसूयते॥१४१॥

अर्थ- सम्पूर्ण पर पदार्थ व उसकी पर्यायों से अपनी आत्मा को भिन्न निश्चित करता है तब ही साम्यावस्था आती है।

अस्तरागो मुनिर्यत्र वस्तुतत्वं विचिन्तयेत्।
तत्प्रशस्तंमतं ध्यानं सूरिभिःक्षीण कल्मषैः॥१४२॥

अर्थ- साधु राग द्वेष रहित वस्तु तत्व का विचार करे वही उत्तम ध्यान है ऐसा पाप रहित आचार्यों ने वर्णन किया है।

अज्ञात वस्तुतत्वस्य रागाद्यपहतात्मनः।
स्वातन्त्र्यवृत्तिर्यो जन्तोस्तदसद्ध्यान मुच्यते।१४३

अर्थ- जिन्होंने वस्तु तत्व नहीं जाना है तथा

रागद्वेषादि सहित जिनकी आत्मा है अपने मनोऽनुकूल जिनकी प्रवृत्ति हैं मन वचन काय पर जिनका नियन्त्रण नहीं है वह असद्ध्यान कहा जाता है।

आर्त रौद्रविकल्पेन दुर्ध्यानं देहिनां द्विधम् ।
द्विधा प्रशस्त मप्युक्तं धर्मशुक्ल विकल्पतः ॥१४४॥

अर्थ-आर्तरौद्र ये दुर्ध्यान के दो भेद है। तथा धर्म व शुक्ल ये शुभ ध्यान है।

स्यातां तत्रार्तरौद्रे द्वेदुर्ध्यानेऽत्यन्त दुःखदे ।
धर्मशुक्ले ततोऽन्येद्वे कर्म निर्मूल न क्षमे ॥१४५॥

अर्थ- आर्त व रौद्र ध्यान बुरे ध्यान है तथा अत्यन्त दुःख देने वाले हैं। तथा धर्म व शुक्ल ध्यान दोनों शुभ हैं व कर्म को समूल नष्ट करने में समर्थ है।

ज्ञानवैराग्यसंपन्नः संवृतात्मा स्थिराशयः ।
मुमुक्षुरुद्यमी शान्तोध्याताधीरः प्रशस्यते ॥१४६॥

अर्थ- ज्ञान व वैराग्य सहित नियंत्रण में है आत्मा जिनके स्थिर मन सहित मोक्ष प्राप्ति ही है

ध्येय जिनके उद्यमी पुरुष रागद्वेष रहित शान्त परिणामी धीर निश्चल ऐसे ध्यानवान पुरुष प्रशंसा के योग्य है।

अलौकिक महोवृत्तं ज्ञानिनः केनवर्ण्यते।
अज्ञानी बध्यतेयत्रज्ञानी तत्रैवमुच्यते ॥१४७॥

अर्थ- आचार्य कह रहे हैं कि ज्ञानी का चरित्र आश्चर्य जनक अलौकिक है उसका वर्णन करना कठिन है। जिन कार्यों के करने से अज्ञानी जीव कर्म बंध करते हैं तथा उन्हीं कार्यों के करने से ज्ञानी जीव कर्म से छूटते हैं। यह सब भाव के कारण ही संभव है।

रागादिमल विश्लेषाद्यस्य चित्तेसुनिर्मलम्।
सम्यक् स्वंसहि जानाति नान्यः केनापिहेतुना १४८

अर्थ-रागद्वेषादि दोष नष्ट होने से जिनका चित्त निर्मल होगया है वही अच्छी तरह से आत्मा को पहिचान सक्ते हैं अन्य किसी भी तरह से नहीं जानते।

ध्यान करने के अयोग्य स्थान का वर्णन कर रहे हैं—

विद्रवन्ति जना पापाः सञ्चरन्त्यभिसारिकाः ।
क्षोभयन्तीङ्गिताकारैर्यत्र नार्योपशङ्किताः ॥१४९॥

अर्थ- जिस स्थान पर पापी मनुष्य रहते हों दुराचारिणी स्त्रियों का आवागमन हो जहां पर स्त्रियां चेष्टा आदि द्वारा क्रोध भय व व्यभिचार प्रकट करती हों उस स्थान पर ध्यान न करे ।

किंचक्षोभाय मोहाय यद्विकाराय जायते ।
स्थानं तदपिमोक्तव्यंध्यान वि वंससङ्कितैः ॥१५०॥

अर्थ- जो स्थान क्रोध का कारण हो मोह का कारण हो कामादि विकार उत्पन्न करने में सहायक हो ऐसा स्थान भी ध्यान नष्ट होने की शंका के कारण छोड़ देना चाहिये ।

तृणकण्टक वल्मीक विषमोपल कर्दमैः ।
भस्मोच्छिष्टास्थिरक्ताद्यैर्दूषितां संत्यजेद्भुवम् ॥१५१॥

अर्थ-जहां पर कांटे अधिक हों घास अधिक हो सर्पादि की बिल हो पत्थर अधिक हों कीचड़

हो राख डाली जाती हो ऊंठा अन्नादि जहां डाला जाता हो हड्डियां जहां डाली गई हो जहां खून किया गया हो व खून चढ़ाया जाता हो ऐसी दूषित जमीन भी त्यागना चाहिये। ऐसे स्थान में ध्यान नहीं करना चाहिये।

काककोशिक मार्जारखर गोमायुमण्डलैः।
अवघुष्टं हि विघ्नायध्यातु कामस्य योगिनः॥१५२॥

अर्थ- कौवे अधिक हों, उल्लू रहते हों, बिलावों का स्थान हो, गधों का निवास हो, जहां गोमायु व मण्डल सर्पादि का स्थान हो ऐसा स्थान भी ध्यान की इच्छा वालों को त्याग देना चाहिये कारण कि विघ्न होता है।

ध्यान ध्वंस निमित्तानि तथा न्यान्यपि भूतले।
नहि स्वप्नेऽपिसेव्यानि स्थानानि मुनिसत्तमैः॥१५३॥

अर्थ- ध्यान नष्ट करने के कारण भूत ऐसे अन्य स्थान भी उत्तम मुनियों के द्वारा स्वप्न में भी ग्रहण करने के योग्य नहीं है। इस प्रकार ध्यान

न करने योग्य स्थान का वर्णन किया ।

आगे ध्यान करने योग्य स्थान का वर्णन कर रहे हैं—

यत्र रागादयो दोषाः अजस्रं यान्तिलाघवम् ।
तत्रैववसतिः साध्वी ध्यानकाले विशेषतः ॥१५४॥

अर्थ- जिस स्थान के महत्व के कारण राग-द्वेषादि विकार स्वाभाविक ही कम पड़ जाते हों विकार का कोई साधन न हो वहीं पर साधु के आश्रय योग्य स्थान है तथा विशेष करके ध्यान के लिये ऐसा ही स्थान चुनना चाहिये ।

दारुपट्टे शिलापट्टे भूमौ वा सिकतास्थले ।
समाधिसिद्धये धीरो विदध्यात्सुस्थिरासनम् ॥१५५॥

अर्थ- लकड़ी के पट्टे पर, शिला के पट्टे पर, साफ़ जमीन पर, वालुकामयी स्थल पर आत्मध्यान की सिद्धि के लिये दृढ़ आसन लगाकर ध्यान करना चाहिये ।

येन येन सुखासीना विदध्युर्निश्चलंमनः ।
तत्तदेव विधेयंस्यान्मुनिभिः बन्धुरासनम् ॥१५६॥

अर्थ- जिस प्रकार बैठने से व खड़े रहने रूप क्रिया से सुख मिले तथा निश्चल मन होसके उसी आसन से मुनिराज ध्यान करे।

कायोत्सर्गश्च पर्यङ्कः प्रशस्तं कैश्चिदीरितम।
देहिनां वीर्य वैकल्यात्काल दोषेण संप्रति ॥१५७॥

अर्थ- कायोत्सर्ग आसन खड्गासन व पद्मासन ये दो ही आसन इस समय ठीक रहते हैं कारण कि कालदोष से प्राणी हीन शक्ति वाले हैं व अन्य कठोर आसन में शान्ति से सुख से वे ध्यान नहीं लगा सकेंगे। यह अपवाद मार्ग है।

तद्धैर्यं यमिनांमन्ये न संप्रति पुरातनम्।
अथस्वप्नेऽपिनामास्थां प्राचीनां कर्तुमक्षमाः ॥१५८॥

अर्थ- पुरातन धैर्य व पुरातन आसनादि इस समय नहीं होसकते। कारण कि शक्ति की कमी से प्राचीन आस्था स्वप्न में भी नहीं होसकती। धैर्य ही ध्यान के लिये मुख्य साधन है।

पूर्वा शाभिमुखः साक्षादुत्तराभिमुखोऽपिवा ।
प्रसन्नवदनो ध्याता ध्यानकाले प्रशस्यते ॥१५९॥

अर्थ- पूर्व दिशा की तरफ मुख करके तथा उत्तर दिशा की तरफ मुख करके प्रसन्न मुख से ध्यान करने वाला ही ध्यान के समय में प्रशंसा के योग्य है ।

मुख्योपचार भेदेन द्वौ मुनी स्वामिनौमतौ ।
अप्रमत्त प्रमत्ताख्यौ धर्मस्यंतौ यथायथम् ॥१६०॥

अर्थ- मुख्य व उपचार भेद से ध्यान अवस्था में मुनि की दो अवस्थायें समयानुसार हुवा करती है प्रमत्त अवस्था व अप्रमत्तावस्था । ध्यान व आत्मा में लीन होते समय अप्रमत्तावस्था व फिर-प्रमादावस्था अंतर्मुहूर्त में कितने ही बार पृथक पृथक होती रहती है । इस प्रकार ध्यानावस्था में प्रमत्त से अप्रमत्त व अप्रमत से फिर प्रमत्त गुणस्थान होते रहते हैं ।

विजने जनसंकीर्णे सुस्थिते दुस्थितेऽपिवा ।
यदिधत्तेस्थिरं चित्तंनतदास्ति निषेधनम् ॥१६१॥

अर्थ- सम्पूर्ण कथन का सार यह है कि जिस स्थान पर स्थिर चित्त होसके वहीं पर ध्यान करना चाहिये। चाहे वह स्थान मनुष्यों के द्वारा शून्य हो व चाहे तो मनुष्यों के समूह द्वारा व्याप्त हो उपर्युक्त रूप से उत्तम स्थान हो व उपर्युक्त रूप से खराब स्थान हो जहां पर स्थिर चित्त हो सके वहीं पर ध्यान करना चाहिये। कारण कि बहुत से अभ्यासी पुरुष अयोग्य स्थान में भी अपने चित्त को एकाग्र कर लेते हैं।

